हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 15 जून 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 आरोपः 12 घंटे काम के बदले देते है 250 रुपए...



07 उपचार के लिए आने वाले मरीज हो रहे परेशान...



## खबर संक्षेप में

### राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी पहुंचेंगे बगलामुखी माता मंदिर



**नलखेड़ा।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी 16 जून को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। कार्यक्रम अनुसार देवनानी 16 जून को एयरपोर्ट इंदौर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे नलखेड़ा पहुंचकर माँ बगुलामुखी के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे।

### आगर जिले में 3.3 एमएम वर्षा दर्ज

**नलखेड़ा।** जिले में शुक्रवार की सुबह 8 बजे तक बीते चौबीस घंटे में 3.4 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस अवधि में नलखेड़ा एवं सुसनेर में क्रमशः 12 व 1.6 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। जबकि दो तहसीलों आगर एवं बड़ौद में शून्य वर्षा हुई है। इस वर्ष अब तक जिले में कुल 7.4 एमएम वर्षा हुई है। जिसमें तहसील आगर में 6 एमएम, सुसनेर 3.6 एमएम तथा नलखेड़ा में 20 एमएम वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जबकि बड़ौद में अब तक शून्य वर्षा दर्ज की गई है। वहीं नगर सहित तहसील क्षेत्र में दो दिनों में हुई मानसून पूर्व की वर्षा से किसान खरीफ फसल की बोवनी के लिए खाद, बीज के इंतजाम में लग गए हैं। तहसील में अभी तक 20 एमएम वर्षा दर्ज की जा चुकी है। नगर सहित तहसील क्षेत्र में बुधवार रात्रि एवं गुरुवार शाम को वर्षा हुई। इस वर्षा के चलते किसान खरीफ फसल की तैयारियों में जुट गए हैं। किसान बोवनी के लिए खाद व बीज के इंतजाम में लग गए हैं।

### कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

# एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना रखते हुए आपसी भाईचारे से मनाएं त्यौहार : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭नलखेड़ा



एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना रखते हुए आपसी भाईचारे के साथ मिलजुलकर आगामी सभी त्यौहार मनाएं। यह बात कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति के बैठक में कहीं। कलेक्टर ने कहा कि आगामी दिनों में ईदज्जुहा, संत कबीरदास जयंति, मोहर्रम, श्री कृष्ण जन्माष्टमी सहित अनेक धार्मिक त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाएं, रखें, सभी त्यौहार परंपरागत तरीके से आपसी सोहार्द्र एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा त्यौहारों के दौरान शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों का बख्शा नहीं जाएगा, उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने त्यौहारों के दौरान विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत व्यवस्था एवं नगर पालिका के अधिकारी को साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के व्यापक स्तर पर कार्य किये जा रहे है। जिले की कोई ऐसा जल स्त्रोत या ऐतिहासिक महत्व का कुआं, बावड़ी की साफ-सफाई एवं गहरीकरण होना है, तो संज्ञान में लाए, जिससे की उसका जीर्णाद्धार करवाया जा सकें। उन्होंने समिति के सदस्यों एवं अन्य नागरिकों से जल संरक्षण एवं संवर्धन के में कार्यां में श्रमदान करने की अपील भी की। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि आने वाले सभी त्यौहार जिले के नागरिक हर्षोल्लास से मनाएं, त्यौहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती रहेगी। शांति समिति के सदस्य कोई भी अप्रिय घटना की जानकारी संज्ञान में आएं तो तत्काल जिला प्रशासन एवं पुलिस को अवगत करवाएं।

बैठक में एएसपी सुश्री निशा रेड्डी, एसडीएम सर्वेश यादव, एसडीएम सुसनेर मिलिंद ढोके, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाहा, ईपीडब्ल्यूडी श्री उस्पारिया, नगर पालिका अध्यक्ष निलेश पटेल, शहर काजी वसुउद्दीन, दिनेश परमार, मनीष सोलंकी, विक्रम बोडाना, रानूराज नरवाल, राहुल माली, सुरेंद्र पालीवाल, गौरव जैन, राजेश कमल जाटव, सिरोंज मेंव, शब्बीर, अमन खान, इमरान खान, रंजीत माली, विनोद कौशल, जितेन्द्र माली, भंवरसिंह चौहान सहित समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक के अंत मे एडीएम आरपी वर्मा ने शांति समिति के सभी सदस्यों का आभार माना।

### जिले में 18 जून को पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा

**नलखेड़ा।** जिले में पीएम किसान सम्मान निधि वितरण दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणासी, उत्तरप्रदेश से 18 जून को कृषकों के खातों के पीएम सम्मान निधि की 17 वीं किश्त का अंतरण करेंगे। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सभी तहसीलदार एवं सीईओ जनपद को निर्देश जारी किए है कि पीएम किसान उत्सव दिवस पर ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर कृषकों के लिए सम्मान निधि राशि वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था करें। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कृषकों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए, योजनान्तर्गत लाभ के लिए ई-केवायसी, आधार एवं बैंक खाता लिकिंग एवं पीएम किसान पोर्टल पर स्टेटस अवलोकन संबंधी जानकारी से अवगत करवाए। साथ ही कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आंमत्रित करें।

# देवनारायण मंदिर की दान पेटी से दान की राशि चोरी

**नलखेड़ा।** थानांतर्गत ग्राम गोयल में स्थित देवनारायण मंदिर का ताला तोड़ कर अज्ञात बदमाश दान पेटी से दान की राशि ले उड़े। दान पेटी भी गौशाला के पीछे फेंक गए। ग्रामीणजनों द्वारा स्थानीय पुलिस थाने पर चोरी की घटना की शिकायत करते हुवे बताया कि बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोर ग्राम गोयल के देवनारायण मंदिर की दानपेटी से दान की राशि चोरी कर ले गए हैं। दान पेटी देवनारायण मंदिर राड़ी में गौ शाला के पीछे रखकर चले गए। लोहे के तार, टामी भी मिली। ताला टूटा हुआ था। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह ग्रामीणजनों को लगी। जिसके उपरांत रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर अपराधियों की तलाश प्रारंभ कर दी गई।




# राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी पहुंचीं बगलामुखी माता के मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭नलखेड़ा

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी नलखेड़ा पहुंचीं, जहां उन्होंने मां बगलामुखी मन्दिर में गर्भगृह में पंडितों की उपस्थिति में विधि - विधान से दर्शन कर पूजन किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत भी किया। मन्दिर में दर्शन के बाद राज्यमंत्री बागरी मंदिर समीप स्थित स्वामी सांदिपेद्र के आश्रम पहुंचीं जहां गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल हुईं।

राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी शुक्रवार को मां बगलामुखी मंदिर पहुंची। मंदिर आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष चिंतामन राठौर, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया,नगर परिषद अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी उपाध्यक्ष प्रितेश फाफरिया, पार्षद पूजा लोढ़ा, गोर्वधन वेदियां, विजय भिलाला, अंबाराम बैगना, भाजपा नेत्री अर्चना नागर साक्षी सकलेचा, नगर परिषद सीएमो पवन फूल फकीर, बाबूसिंह राजपूत आदि द्वारा स्वागत किया गया। मंदिर दर्शन उपरांत राज्य मंत्री बागरी गुरुदेव स्वामी सांदिपेद्र के आश्रम भी पहुंची जहां गुरुदेव से चर्चा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर बाइक सवार ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ा




हरिभूमि न्यूज ⏭भैरुंदा

नगर के मंडी रोड पर बुधवार की देर रात करीब 10 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ था। भैरूंदा के मंडी रोड स्थित रिछड़िया जोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मारी। जिसमें बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। करीब एक घंटे ट्रैक में बाइक सहित फसा रहा युवक के दोनों पैरो में आई गम्भीर चोट आई थी युवक को स्थानीय लोगों की मदद उसे बाहर निकल कर 100 डायल से घायल अवस्था में सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया। लेकिन सिविल अस्पताल में घायल युवक को भोपाल की जगह सीहोर रेफर कर दिया गया और युवक की सीहोर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार मनोहर केवट निवासी निलकंठ भैरूंदा से अपने गांव नीलकंठ की तरफ जा रहा था। इस दौरान मण्डी रोड स्थित रिछड़िया जोड़ के पास मण्डी से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। और मौके से ट्रक चालक फरार हो गया इस हादसे में उसके दोनों गम्भीर चोटे आई है और युवक बुरी तरह से घायल हो गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को ट्रैक के नीचे से बाहर निकल कर 100 डायल की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार कर से उसे एंबुलेंस द्वारा सीहोर रेफर कर दिया गया। अस्पताल तक पहुंचाने के लिए घायल हुए युवक के नही मिली 108 इमरजेंसी सेवा अस्पताल तक पहुंचाने के लिए 100डायल से पहुंचाया गया। देर रात घायल युवक ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया है। इस घटना को लेकर मौके पर पहुंची भी पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और उसे थाना भैरूंदा में खड़ा कर उस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# खजूरिया कासम गांव के सूने घर में लाखों की चोरीः बिजली गुल होने का फायदा उठाकर गहने-नकदी लेकर फरार हो गए बदमाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

आष्टा ब्लॉक के सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के खजूरिया कासम गांव में बुधवार रात चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपए की चोरी कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिद्दीकगंज पुलिस ने बताया कि बुधवार रात ग्राम खजुरिया कासम गांव में बिजली गुल होने का फासदा उठाकर चोरों ने मांगीलाल ठाकुर के घर से लाखों रूपए के जेवर सहित 4 लाख नकदी चुरा ली।मांगीलाल ठाकुर ने बताया कि बदमाश करीब 10 लाख रुपए के जेवर सहित 4 लाख की नकदी लेकर फरार हो गए। बिजली गुल होने से परिजन घर के बाहर सो रहे थे। इस दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर के पीछे घुसकर वारदात को दिया। सिद्धि गंज पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य : सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

# उल्लास नवभारत साक्षरता की बैठक सह प्रशिक्षण संपन्न, प्रमाण पत्र बांटे

हरिभूमि न्यूज ⏭नलखेड़ा



विकासखंड अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र बड़ागांव में गुरुवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ.दिनेश त्रिवेदी तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक चंदनबाला फाफरिया के निर्देशन में तथा रमेश यादव संकुल प्राचार्य उमावि बड़ागांव की अध्यक्षता में उल्लास नव भारत साक्षरता की बैठक सह प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में जन शिक्षा केंद्र बड़ागांव के सभी शाला प्रधान,नोडल प्रभारी, अक्षर साथी को कलेक्टर के निर्देशानुसार जो विशेष सर्वे अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 15 वर्ष के अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों का सर्वे ऑफलाइन तथा राज्य शिक्षा केंद्र के एप के माध्यम से ऑनलाइन सर्वे करना एवं सर्वे रिपोर्ट देखने का प्रशिक्षण तथा 19 मार्च 2023 को आयोजित मूल्यांकन परीक्षा में उत्तीर्ण नवसाक्षरों की मार्कशीट अक्षर साथियों के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। नियमित सामाजिक चेतना केंद्र का संचालन करने विस्तृत निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में बीएसी अरुण कुमार त्रिवेदी,जन शिक्षक जगदीश यादव, विकासखंड सह समन्वयक साक्षरता मनोहर चौहान तथा संकुल सह समन्वयक राजेंद्र गुर्जर आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### 8 एकड़ भूमि पर 34 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाना है आदिवासी छात्रावास

# झाली में अतिक्रमण हटाने पहुंचा राजस्व अमला, जेसीबी के पंजे के आगे लेटकर महिलाएं और बच्चों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭भैरुंदा

भैरुंदा तहसील की ग्राम पंचायत झाली में बुधवार शाम राजस्व अमला 8 एकड़ सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंचा तो ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। हंगामे को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान गांव की महिलाएं और बच्चे जेसीबी के पंजे के आगे लेटने लगे। पुलिस बल ने उन्हें हटाया और शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटवाया।

बता दें कि ग्राम झाली में शासकीय जमीन पर करीब 3 परिवार कई सालों से कब्जा जमाए हुए थे, इस जमीन पर राज्य सरकार द्वारा 490 छात्राओं की पढ़ाई व रहने के लिए 34 करोड़ रुपए की लागत से आदिवासी छात्रावास बनाया जाना है। छात्रावास के लिए कुल 15 एकड़ भूमि की आवश्यकता थी, जिस पर ग्रामीण का कब्जा था, वे जमीन छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। ठेकेदार की शिकायत पर कलेक्टर सीहोर के निर्देश पर भैरूंदा तहसीलदार पटवारी आरआई, राजस्व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की। वहीं, जानकारी देते हुए तहसीलदार संदीप गौर ने बताया कि छात्रावास निर्माण का कार्य चल रहा है, ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण के कारण काम प्रभावित हो रहा था। ठेकेदार की शिकायत के बाद मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा हटाया गया।






### आधी रात को चोर गिरोह सक्रियः एक दर्जन किसानों के नलकूप की केबल व स्टार्टर चोरी

**किसानों के खेतों से लगातार चोरी कर रहे केबल वायर, चोरों का चौरी करने का नया जुगाड़**

**भैरूंदा।** नगर में लगातार चोर गिरोह सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रों में रात के अधेरे में किसानों के खेतो मे लगातार चोरी कर चोर गिरोह अंजाम दे रहे हैं।

चोरों ने अब एक अलग जुगाड कर किसानी के उपयोग में आने वाली किसानों के खेतो से सामाग्री चोरी कर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। पिछले कुछ दिनों पहले भी ऐसा मामला सामने आया था। सात किसानों के खेतों से अज्ञात चोरों ने विद्युत मोटर के केबल वायर पर किया हाथ साफ किए थे। क्षेत्र के सर्वागंज व तिलाडिया के लगभग 7 किसानों के खेतों से विद्युत ट्यूबवेल व कुआं मोटर की केवल वायर पर पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया था जिसको लेकर समस्त किसानों ने भेरूंदा थाना में एकत्रित होकर ज्ञापन दिया जिसमें मांग की गई जो किसानों के उपकरण चोरी हुए हैं जिसकी जांच करा कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।



**क्षेत्र के किसानों ने ग्रीष्मकालीन लगा रखी थी मूंग :** भेरूंदा क्षेत्र में लगभग सभी किसानों ने ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल लगाई थी जिसमें पानी चल रहा है अब क्षेत्र के किसानों को चिंता सताने लगी है उनके खेतों से मोटर के विद्युत केबल वायर चोरी होने लगे हैं सात किसानों की अलग-अलग 120 फीट लगभग सभी किसानों के 840 फिट केवल वायर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गई है केवल राम मालवीय, जगदीश मालवीय, कमोद मालवीय, तुलसीराम राजपूत, वचन राजपूत, माखन सिंह धावरे ,बलराम मालवीय के खेतों से हुई थी।

खबर संक्षेप

## निगम द्वारा नाले की सफाई रहेगी जारी



**देवास।** नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण वार्डों में स्थित नालों की सफाई का कार्य सतत युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नालों की सफाई मे बड़ी मात्रा मे गाद एवं कचरा निकाला जा रहा है। जिससे वर्षाकाल के पानी की निकासी सुचारू रूप से होगी तथा वार्डों मे जल जमाव की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। निगम की टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 32 के साथ अन्य वार्डो मे भी नाला सफाई का कार्य पोकलेन एवं जेसीबी मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है। वार्डों मे कुछ जगहों पर नालों के पास जेसीबी मशीन नहीं पहुंचने के कारण नाला सफाई गैंग के कर्मचारियों के द्वारा सफाई का कार्य किया जा रहा है तथा बडी मात्रा मे कचरा भी निकाला जा रहा है जिसका निष्पादन भी किया जा रहा है। नाला सफाई के कार्य की मानिटरिंग के साथ स्वीपींग मशीन के माध्यम से मुख्य मार्गो की सफाई कार्य के लिए महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने स्वास्थ्य अधिकारी एवं वार्ड के उपयंत्रियों को निर्देशित भी किया।

## देवास के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**देवास।** मप्र तैराकी संघ द्वारा हाल ही में 13 जून को ग्वालियर के मानसिंह स्टेडियम मे 52वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के खिलाड़ियों ने बढ-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपना हुनर दिखाया। जिसमें देवास के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में देवास के सय्यम वर्मा ने 3 कांस्य पदक, सृष्टि वर्मा ने 1 रजत पदक के साथ खिलाड़ियों ने कुल 4 पदक अर्जित किए। देवास के अधिकतर खिलाड़ी फाइनल तक खेले। उक्त जानकारी देवास जिले के तैराकी संघ सचिव ओपी जगावत ने दी। तैराकी संघ व विरसावरक तरण पुष्कर के सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### निजी कंपनी के कर्मचारियों ने कलेक्टर और श्रम पदाधिकारी को दिया आवेदन

# आरोपः 12 घंटे काम के बदले देते है 250 रुपए, नियमानुसार नहीं मिलता अवकाश

कंपनी में कार्यरत महिलाओं का कहना है कि कंपनी में पिछले 10 वर्षों से काम कर रहीं हैं, लेकिन कंपनी प्रबंधन द्वारा सैलरी नहीं बढ़ाई गई। जिसके कारण परिवार के पालन पोषण में परेशानी होती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास





औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कंपनी में कार्य करने वाले लगभग 200 कर्मचारी नारेबाजी करते हुए शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। कर्मचारियों में अधिकतर महिलाएं थी, जिन्होंने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। कर्मचारियों का आरोप है कि कपंनी संचालक द्वारा उनसे 10 से 12 घंटे प्रतिदिन काम करवाया जा रहा है लेकिन सैलरी मात्र 220 रुपए से 250 रुपए ही दी जा रही है। प्रबंधन द्वारा लम्बे समय से कर्मचारियों द्वारा वेतन बढ़ाने की मांग की जा रही है लेकिन कंपनी संचालक द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।कंपनी में कार्यरत महिला कमर्चारी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र इंदौर रोड स्थित जी लाइफ कंपनी में पिछले 10 वर्षों से काम कर रहीं हैं। लेकिन कंपनी प्रबंधक द्वारा सैलरी नहीं बढ़ाई गई। वर्तमान में खर्च काफी अधिक है लेकिन कंपनी द्वारा महिला कर्मचारियों से 10 से 12 घंटे प्रतिदिन काम करवाया जा रहा है लेकिन महीने की सैलरी मात्र 5000 रुपए ही दी जा रही है।

महिलाओं द्वारा वेतन बढ़ाने की मांग की जाती है तो मात्र 10 रुपए 15 रुपए बढ़ाए जाते हैं। वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर हम कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। अन्य महिलाओं ने बताया कि हम कंपनी में कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं यहां पर हमारा वेतन नहीं बढ़ाया गया है। हमसे क्षमता से अधिक काम लिया जाता है। भोजन के लिए भी उचित समय नहीं दिया जाता है। पीएफ हमारा करता है और कंपनी उसका शेयर नहीं मिलाती है। इन्हीं सब समस्याओं को लेकर हम कलेक्टर कार्यालय पहुंचे हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि मात्र 6 घंटे का ही वेतन दिया जाता हैं, लंच टाइम भी निर्धारित नही हैं,सेलेरी स्लिप भी नहीं दी जाती शासकीय छुट्टी भी नही दी जाती निर्धारित बोनस राशि भी नही दी जाती। इसी प्रकार अन्य शिकायते की गई।जिला श्रम अधिकारी को की शिकायतकर्मचारियों ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन देने के बाद जिला श्रम शैलेंद्र सिंह सोलंकी को भी शिकायती आवदेन सौपा। आवेदन में कर्मचारियों ने बताया की जील लाईफ साइंस लिमिटेड कंपनी के मालिक द्वारा अपनी मनमानी से वेतन दिया जाता हैं। साथ ही निर्धारित समय से अधिक समय तक कर्मचारी से काम करवाया जाता हैं। त्योहारों, शासकीय अवकाश तथा अन्य मासिक छुट्टी नहीं दी जाती हैं। आवेदन में कर्मचारियों का कहना था की लगभग 10 से 15 वर्षों से कम्पनी में काम कर रहे है। बावजूद इसके 200 से 250 रू प्रतिदिन के हिसाब से वेतन दिया जाता है। कर्मचारियों ने अधिकारी से कहा कि हमसे 12-12 घंटे काम लिया जाता है एवं कंपनी मालिक के द्वारा 6 घंटे का ही वेतन दिया जाता है। वह भी निर्धारित समय पर नहीं दिया जाता है एवं न ही एडवांस पैसे दिये जाते है, न ही निर्धारित बोनस दिया जाता है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा तय गाइडलाइंस के अनुसार अकुशल कर्मचारी को प्रतिदिन 391 रुपये के हिसाब से दिए जाने चाहिए,लेकिन उक्त कम्पनी द्वारा न्यूनतम वेतन दिशा निदर्शो का पालन नही कोय जा रहा हैं। तय समय से भी अधिक समय तक काम लिया जा रहा है जिसका अतिरिक्त पारिश्रमिक कर्मचारियों को नहीं दिया जा रहा है।

### जितने दिन काम उतनी सैलरी

सब कुछ ऑन रिकॉर्डेड हैं। जितने दिन काम करते हैं उतने दिन की सेलेरी दी जाती हैं। सभी के पीएफ के चालान भी हैं। सैलरी खातों में ही ट्रांसफर की जाती हैं।

**सुलभ होरा,** कम्पनी डॉयरेक्टर

### कर्मचारियों ने की है शिकायत

कर्मचारियों का शिकायती आवेदन मिला है, जिसकी जांच की जाएगी। प्रबंधन और कर्मचारियों के साथ बैठकर शिकायतों पर चर्चा कर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

**शैलेंद्र सिंह सोलंकी,** श्रम पदाधिकारी

## ग्राम मातमोर के प्रभावित ग्रामीणों की पट्टे के साथ उचित मुआवजे की मांग

### हाईवे निर्माण के मामले में कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**चापडा।** ज्ञापन देकर अपनी मांग बताते हुए ग्राम मातमोर के ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶चापडा

ग्राम मातमोर में से इंदौर बैतूल नेशनल हाईवे राष्ट्रीय मार्ग निकल रहा है, जिस वजह से अनुसूचित जाति एवं जनजाति व अन्य पिछडा वर्ग परिवार के लगभग 20 मकान व जमीन अधिग्रहित की जा रही है। इसके एवज में ग्रामीणों को उचित मुआवजा एवं शासकीय भूमि का आवंटन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत मकान दिलाए जाने कि मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन आज तक किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया, जिसके चलते गुरुवार को बड़ी संख्या में प्रभावित ग्रामीणों ने बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी दरियावसिहं मालवीय के नेतृत्व में रेली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिया।

ज्ञापन में बताया गया कि ग्रामीणजन ग्राम मातमौर के स्थाई निवासी होकर मजदूरी आदि का कार्य करके अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। शासन द्वारा इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राज मार्ग एनएच 59 का सर्वे किया गया हैं। उक्त सर्वे में मकानों को हटाने के संबंध में शासन द्वारा विधिवत रूप से सूचना पत्र मय मुआवाजा राशि के दिए गए है, लेकिन मकान हटाने व मुआवजा राशि कम दिए जाने से ग्रामीणजन असंतुष्ट है। ग्रामीणों का कहना है कि जो मुआवजा राशि शासन के द्वारा दी जा रही है उससे मकान निर्माण भी नही हो सकेगा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम पंचायत मातमौर में स्थित शासकीय भूमि का आवंटन कर भूमि का आधिपत्यधारी करते हुए पट्टा प्रदान किया जाए। शासन की योजना अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नवीन मकान भी स्वीकृत किया जाए।

उचित व व्यवहारिक मुआवजा राशि प्रदान करवाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी सभी संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया, किन्तु आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई।

प्रभावित ग्रामीण देवेन्द्र भगत सिंह पंवार, राजेश परमार,रामदिन नाथ, दुलिचंद हाडे, लालसिंह ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उचित मुआवजा राशि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत मकान तथा ग्राम पंचायत मातमौर में भूमि का आवंटन एवं पट्टा प्रदान करवाए जाने बाबद उचित एव तत्काल कार्रवाई करे, अन्यथा बहुजन समाज पार्टी जिला देवास के द्वारा संपूर्ण अनुसूचित जाति एवं जनजाति व अन्य पिछडवार्ग के द्वारा घटना का घोर विरोध करते हुए जन आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी।

## जल का भूमि में संचय करने पोंड निर्माण हुआ शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने औद्योगिक क्षेत्र क्रमांक-3 देवास में स्थापित एमएसएमई इकाई मेसर्स मंगला इंजीनियरिंग लिमिटेड का भ्रमण कर इकाई द्वारा मोनोब्लॉक पम्प निर्माण गतिविधियों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान इकाई संचालक गिरिश मंगला द्वारा इकाई में सबमर्सिबल पम्प निर्माण की गतिविधि से अवगत कराया गया एवं इकाई में नवीन विस्तार की कार्य योजना प्रारंभ होने की जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने अमृत संचय योजना द्वारा इकाई में वर्षा ऋतु के जल को भूमि में संचय करने के लिए पोंड निर्माण का शुभारंभ किया गया एवं साथ ही इकाई परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान मियाबाकी पद्धति से पौधारोपण करने के फायदों के संबंध में अवगत कराया गया। भ्रमण के दौरान महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र देवास मंगल रैकवार सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधियों के साथ निगम की टीम ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास



शासन निर्देशानुसार 5 जून से 15 जून तक पूरे प्रदेश मे जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत शहर मे स्थित तालाबों, कुंओं एवं बावडीयों की सफाई किए जाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

इसी कड़ी मे नगर निगम द्वारा निगम सीमा क्षेत्र मे स्थित तालाबों, कुंओं, बावडीयों पर श्रमदान कर सफाई अभियान का कार्य जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संस्थाओं व नगर निगम की टीम द्वारा किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शुक्रवार 14 जून को वार्ड क्रमांक 45 नागदा गणेश मंदिर के पास स्थित तालाब पर श्रमदान किया गया। किए गए श्रमदान मे वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मुकेश मोदी के साथ वार्ड के रहवासी एवं निगम के पदाधिकारी उपयंत्री दिलीप मालवीया, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी भूषण पवार सहित चंदन सोनी,श्याम सुन्दर रघुवंशी, राजेश कौशल, अरूण तोमर, अनिता ठाकुर आदि के साथ द्वारा किया गया।

### कोडिंग फॉर एवरीवन अभियान से 17 वर्षीय छात्र ने सीखी कोडिंग

# देहरादून की कंपनी में मिला 8 लाख रुपए का सालाना पैकेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

जिला प्रशासन द्वारा कोडिंग फार एवरीवन लगभग आठ माह पूर्व अभियान की शुरुआत की गई थी, जिसमें जिले के हाटपीपलिया के बामनखेड़ी में रहने वाले छात्र ने फ्री कोडिंग सीखी उसने इतना बेहतर प्रदर्शन किया की देहरादून की कोड योगी कंपनी ने 8 लाख रुपए के पैकेज का ऑफर छात्र को दिया। साथ ही कम्पनी ने छात्र को तीन साल के कोर्स करने का अवसर भी दिया हैं। छात्र को 18 जून को वहां पहुंचना था किंतु पिता ने कलेक्टर से कहा कि उन्हें खेत में बोवनी करनी है, उसके बाद ही बच्चे को लेकर वे 24 जून तक देहरादून पहुंच पाएंगे। कलेक्टर ने कंपनी प्रबंधन से चर्चा कर 24 जून को पहुंचने का बात कही है।

जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए कोडिंग फार एवरीवन अभियान में जिले के करीब 180 स्कूलों के 16 हजार से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इन बच्चों में जिले के हाटपिपलिया के बामनखेड़ी ग्राम में रहने वाले अंकित पिता धीरज सिंह सेंधव उम्र 17 वर्ष ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कोडिंग सीखी और उसे देहरादुन की कोड योगी में काम करने का मौका मिला। अंकित के पिता ने बताया कि वह घर से बाहर नहीं जाता था, घर पर ही बैठकर उसने कोडिंग सीखी है। उसने अभी 12 वीं कक्षा की परीक्षा दी थी उसमें भी अव्वल नंबरों से पास हुआ है।



### अंकित का अनुसरण करें बच्चे -गुप्ता

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि लगभग आठ माह पूर्व कोडिंग फार एवरीवन नाम से अभियान की शुरुआत हुई थी। हमारा लक्ष्य नेशनल एजुकेशन पॉलिसी को फॉलो करना है। जिसके अंतर्गत मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकंडरी के छात्रों को कोडिंग का ज्ञान होना चाहिए। उसी के तहत फ्री कोडिंग सीखने की योजना कोड योगी के माध्यम से देवास में बच्चों को प्राप्त हुई है। इसमें कई बच्चों ने कोडिंग सीखना शुरु की। जिले के 180 स्कूलों के 16 हजार बच्चों ने कोडिंग सीखना शुरु किया। जिला प्रशासन की ओर से शुरू किए गए प्रयास में बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्हें की- बोर्ड, माऊस, यूएसबी व अन्य चीजें उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही बच्चों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। यह हर्ष का विषय है कि जिले के हाटपीपलिया में रहने वाले अंकित ने कोडिंग फार एवरीवन अभियान में हिस्सा लिया और इतनी अच्छी कोडिंग सीखी कि उसे देहरादुन की कोड योगी कंपनी में 8 लाख रुपए सालाना पैकेज ऑफर मिला है। साथ ही उसे पढ़ाई के दौरान 10 हजार रुपए प्रतिमाह देने का ऑफर दिया गया है। इसके साथ ही उनकी यूनिर्वसीटी में तीन साल के कोर्स को भी फ्री करने का मौका मिला है। कलेक्टर ने कहा कि अंकित जैसे बच्चे का अनुसरण करें और इतनी मेहनत करें कि हमें कंपनियों तक न जाना पड़े कंपनी खुद आकर अच्छे बच्चों का चयन करें।

### अंकित को मिलेगा 8 लाख सालाना

अंकित ने बताया कि कलेक्टर द्वारा शुरू किए गए कोडिंग अभियान का मुझे स्कूल से पता चला। मैंने इसे सीखने की तुरंत हामी भर दी। लगन के साथ कोडिंग सीखते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। फलस्वरुप देहरादून की कोड योगी कंपनी में काम करने का मौका मिला। कम्पनी ने मुझे 8 लाख रुपए सालाना का पैकेज ऑफर किया है। अंकित ने बताया कि कोडिंग में बहुत सारी भाषाएं होती है। इसे सीखने के बाद वेबसाइट, एप्स बना सकते हैं। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से कहना है कि आज इंटरनेट का जमाना है, इंटरनेट का उपयोग कुछ सीखने के लिए ही करें।

## अपर मुख्य सचिव ने वेयर हाउस व लाजिस्टिक कारपोरेशन में रखे गेहूं का किया निरीक्षण



**देवास।** गेहूं का निरीक्षण करते हुए अपर मुख्य सचिव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग स्मिता भारद्वाज ने कन्नौद मंडी प्रांगण में मध्य प्रदेश वेयर हाउस एवं लाजिस्टिक कारपोरेशन में रखे गेहूं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान एमडी एफसीआई भोपाल विशेष गणपाले, क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम इंदौर कीर्ति खुरासिया, एजीएम एफसीआई गौतम कुमार भी साथ थे। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, खाद्य आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### व्यापारी एसोसिएशन के तीसरी बार अध्यक्ष बने रूपेश राठौर



**आष्टा।** कृषि उपज मंडी में व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष रूपेश राठौर का लगातार 2 वर्ष का कार्यकाल काफी अच्छा रहा। इस कार्य से सभी व्यापारी संतुष्ट रहे। यही कारण रहा कि सर्वसम्मति से रूपेश राठौर को तीसरी बार व्यापारी एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राठौर की नियुक्ति पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने साफा बांधकर स्वागत किया। इंजीनियर ने कहा कि रूपेश राठौर हमेशा हर समाज वर्ग को लेकर चलते हैं। कृषि उपज मंडी में उनका दूसरा कार्यकाल में सभी व्यापारी किसान संतुष्ट रहे। इसी के चलते उन्हें दोबारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया है। बधाई देने वालों में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, महेंद्र गउखेडी, योगेंद ठाकुर, सुनील परमार सहित कई लोगों ने बधाई दी।

### इंदौर से आए डॉक्टर ने मरीजों की जांचीं आंखें



**आष्टा।** नगर के आनंदम नेत्रालय में नामदेव छीपा युवा परिषद ने निशुल्क नेत्र जांच का परीक्षण शिविर का आयोजन किया। एक दिवसीय इस आयोजन में नगर के लगभग 50 से 60 लोगों की निशुल्क जांच इंदौर से आए नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर प्रणय सिंह ने की व मरीजों की जांच कर उन्हें सलाह दी। डॉक्टर प्रणय सिंह व उनकी टीम, डाक्टर हीरा दलोद्रिया, सुभाष नामदेव, मनीष डोंगरे, बीएस वर्मा, नरेंद्र कुशवाह, राजेंद्र नामदेव, लक्ष्मी नारायण बांदीवला, मुकेश नामदेव, अशोक डोंगरे, भविष्य नामदेव, प्रकाश नामदेव, ओम नामदेव, हिमांशु नामदेव, निखिल नामदेव, राहत अली, बनवारी प्रसाद वर्मा के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सिविल अस्पताल में तीन विशेषज्ञ डॉक्टर अवकाश पर

# उपचार के लिए आने वाले मरीज हो रहे परेशान, निजी अस्पताल में जाना मजबूरी

दो महिला डॉक्टर सहित 15 डॉक्टर सिविल अस्पताल में है पदस्थ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



शासन ने हाल ही में नए विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए इमरजेंसी में डयूटी करने के आदेश जारी किए हैं। उक्त आदेश में एक तरफ जहां डयूटी लगाने का उल्लेख है, वहीं यह भी उल्लेखनीय किया गया है कि अगर एम ओ अर्थात डॉक्टरों की कमी है तो आस-पास की डिस्पेंसरी व उप स्वास्थ्य केन्द्र पर पदस्थ डॉक्टर की डयूटी लगाई जाए। डिस्पेंसरी व उप स्वास्थ्य केन्द्र पर डॉक्टर नहीं हो तो विशेषज्ञ चिकित्सकों की डयूटी लगाई जाए। 3 साल तक ड्यूटी करने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों के संबंध में यह आदेश सिविल अस्पताल में मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन गया है।

हाई कोर्ट न्यायाधीश विनय सराफ ने भी जबलपुर में इस संबंध में दायर याचिका पर आदेश जारी किए हैं।दो महिला डॉक्टर सहित 15 डॉक्टर सिविल अस्पताल में पदस्थ हैं। तीन विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बीएमओ द्वारा इमरजेंसी डयूटी लगाने पर अवकाश लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्थिति से लिखित में अवगत कराया। बुधवार को काफी संख्या में मरीज उपचार कराने के लिए सिविल अस्पताल में परेशान होते रहे। अधिकांश डॉक्टर अपने कक्ष में नहीं थे। सीसीटीवी फुटेज देखकर ऐसे चिकित्सकों पर कार्रवाई करना चाहिए। शासन द्वारा जारी किए गए आदेश में उल्लेखित किया गया है कि नए विशेषज्ञ चिकित्सक 3 साल तक इमरजेंसी में भी ड्यूटी करेंगे,ताकि वह स्थानीय व्यवस्थाओं से परिचित हो सके ।लेकिन उक्त आदेश में यह भी उल्लेखित किया गया है कि विशेषज्ञ चिकित्सक ओपीडी कक्ष में सेवाएं के साथ-साथ ऑन कॉल आपातकालीन ड्यूटी करेंगे। आपातकालीन ड्यूटी सर्वप्रथम चिकित्सालयों के चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए, यदि चिकित्सा अधिकारी की कमी पड़े तो मुख्यालय पर स्थित डिस्पेंसरियों से चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जा सकती है।

डिस्पेंसरियों में कार्यरत चिकित्सकों की आपातकालीन ड्यूटी रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक की पाली में ही लगाई जाए। ड्यूटी लगाते समय ध्यान रखा जाए कि डिस्पेंसरी का काम कम-से-कम प्रभावित हो। यथा संभव माह में चार से अधिक ड्यूटी नहीं लगाई जाए। अति आवश्यक होने पर ही सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा विशेषज्ञों की आपातकालीन ड्यूटी लगाई जाए। अवकाश पर गए विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉक्टर भूपेंद्र परमार, डॉक्टर चित्रा सोनी एवं डॉक्टर गंभीर पटेल का कहना है कि शासन के आदेश का पूरी तरह से पालन नहीं करते हुए हमारी आपातकालीन ड्यूटी लगाई गई है। जिसका संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को अवगत कराया हैं।

**शासन के नए आदेश है**

शासन के नए आदेश हैं और उक्त आदेश के तहत नए विशेषज्ञ चिकित्सकों को 3 साल तक आपातकालीन ड्यूटी करना है। ताकि लोकल परिस्थिति से अवगत हो सके।

**डॉक्टर जीडी सोनी,** बीएमओ

## तेज बारिश ने भीषण गर्मी व उमस से दी राहत

### हवा आंधी के साथ हुई बारिश



**आष्टा।** सुबह से छाए घने बादल, शाम को हुई तेज बारिश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

बुधवार को सुबह से ही पूरे क्षेत्र में चिलचिलाती तेज गर्मी की उमस से लोग परेशान थे। शाम 4 बजे मौसम में बदलाव के साथ ही आसमान पर काले बादल छा गए व इसकी शुरुआत तेज आंधी के साथ हुई। इसके बाद मूसलाधार बारिश शुरू हो गई यह सिलसिला करीब आधे घंटे तक चलता रहा।

तेज बारिश होने की वजह से नगर के मुख्य मार्ग पर पानी भर गया। वहीं नगर के साप्ताहिक हाट को भी तहस-नहस कर दिया। बुधवार को शाम करीब 4 बजे एकाएक मौसम में बदलाव हुआ तथा तेज आंधी का सिलसिला शुरू हो गया। उसके 15 मिनट बाद मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इससे नगर की सड़कें बुधवारा, पुराना बस स्टैंड, भोपाल नाका तथा अस्पताल चौराहे पर पानी भर गया। हालांकि नगर पालिका के सफाई अभियान के चलते जल्दी ही सड़कों से पानी निकाल दिया गया। जावर में जमकर बरसे बादल शाम होते होते मौसम बदला और शाम को 6 बजे के करीब आंधी के साथ तेज बारिश हुई। मुरावर गांव के इंदर सिंह राठौड़ ने बताया कि बुधवार को सुबह से ही सूर्य की तेज किरन लोगों को चुभने लगी थीं। इस कारण लोग परेशान थे, लेकिन दोपहर बाद मौसम बदला और आंधी गरज चमक के साथ कुरावर, मुंडला, कर्मनखेड़ी, हरनावदा सहित अनेक गांवों में गरज चमक के साथ तेज बारिश हुई। अच्छी बारिश के चलते तेज गर्मी से लोगों को थोडी राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार जल्द ही मानसून प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा। बारिश के बाद अब किसान खरीफ की बोवनी की तैयारी में लग जाएंगे।

## पुण्यतिथि पर मैदान में पौधरोपण कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से कलेक्टर श्री प्रवीणसिंह द्वारा परिवार सहित शुरू किये गये पौधरोपण अभियान के मौके पर गतदिवस आव्हान किया था कि जिले का प्रत्येक नागरिक,परिवार एक एक पौधा जरूर लगाये। कलेक्टर श्री प्रवीणसिंह जी के आव्हान पर आज आष्टा नगर के अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार सुशील संचेती ने अपनी पत्नि स्वर्गीय श्रीमति ज्योति संचेती की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में परिवार के सदस्यो,नगर के स्वच्छ सकारात्मक ग्रुप,जादूगर ग्रुप, खिलाडियों के साथ डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी ग्राउंड पर एक नीम, पीपल व जामुन के बड़े पौधे का रोपण कर स्वर्गीय ज्योति संचेती को पौधरोपण कर श्रद्धांजलि दी एवं गरीबो को भोजन कराया गया। इस अवसर पर पत्रकार सुशील संचेती, जादूगर ग्रुप के पंकज नाकोडा, स्वच्छ सकारात्मक ग्रुप के कुशलपाल लाला व संचेती परिवार के सदस्य सुशील संचेती,सुनील कुमार,मुकेश कुमार, सुबाहू संचेती, मोनिका, संगीता, अनु, अस्मिता, जिनिशा, रक्षिता संचेती एवं नन्ने खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्तिथ थे। इस अवसर पर पत्रकार सुशील संचेती ने आव्हान किया है की जिस परिवार में भी जन्मदिन, पुण्यतिथि, विवाह, विवाह की वर्षगांठ या अन्य कोई ऐसे अवसर आये तब परिवार अपनी सुविधा अनुसार कही भी कम से कम एक पौधा जरूर लगाये।

## धोखाधड़ीः कॉलोनाइजर ने बेच दिए प्लाट, अब मूलभूत सुविधाओं को लेकर लोग हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुधनी



नगर के वार्ड क्रमांक11में निजी कालोनी में प्लॉट धारकों के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है जिसमें कालोनाइजर ने लोगों को सस्ते दामों का लालच देकर प्लाट बेच दिए प्लॉट खरीदने वाले अधिकतर लोगों को रजिस्ट्री भी की गई जिसमें कालोनाईजर ने लोगों को लुभावने वादे कर प्लॉट बेच दिए किंतु कालोनी में मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति न होने पर लोग परेशान हैं और अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं वहीं लोगों का कहना है कि कालोनाइजर मीना ने कालोनी में सड़क, नाली, बिजली और पानी की सुविधाओं का वादा तो किया लेकिन आज दिनांक तक लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इस कालोनी को लेकर न तो कोई अनुमति ली गई है और न ही यहां कोई विकास कार्य करवाए गए हैं।

इसके बावजूद कई प्लाट बेच दिए गए हैं।आपको बता दें नगर के वार्ड क्रमांक 11ओर वार्ड क्रमांक 4 में उक्त भूमि पर नर्मदा विहार कालोनी फेस1 और2 के नाम से प्लाट काटे गए थे जिसमें आधे से अधिक प्लाट बेच दिए गए और कई प्लाटों के अनुबंध किए गए थे जिसमें अब तक किसी तरह के विकास कार्यों की शुरुआत नहीं हुई है और न ही कालोनी के निर्माण के लिए पूरी अनुमति ली गई है।कालोनाइजर ने न तो यहां सड़क बनाई है न ड्रेनेज लाइन बिछाई और न ही बिजली के खंभे लगवाए हैं।वहीं ऐसे में लकड़ियों के सहारे बिजली के तार घरों तक ले जाए गए हैं पीड़ित लोगों ने कॉलोनाइजर का नाम महेश मीणा बताया हैकालोनाइजर ने लोगों को प्लाट बेचते हुए जल्द ही सभी विकास कार्य करने का वादा किया था हालांकि राजस्व के नियमों के अनुसार केवल वादों पर कालोनियों में लोगों को प्लाट नहीं बेचे जा सकते हैं। कालोनाइजर की राजस्व विभाग के सामने अनुमति लंबित है।इसके अलावा नगर परिषद में भी विकास शुल्क जमा नहीं करवाया गया है।

### एफआईआर की मांग

शिकायतकर्ताओं के अनुसार कालोनाईजर द्वारा लगातार प्लाट धारकों को आश्वासन देकर तथा भ्रमित करके रखा गया है जिससे वे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ।प्लाट धारकों ने कहा है कि उनके साथ सीधे सीधे धोखाधड़ी हुई है जिससे कालोनाईजर के खिलाफ एफआईआर की जाना चाहिए। सिंटू सिंग, नीलेश, ओमप्रकाश, आशीष चौरे सहित यहां कई लोगों ने प्लाट खरीदकर उनकी महीनों पहले रजिस्ट्री भी करवा ली है।ऐसे में ये लोग भी अब सुविधाएं न मिलने के कारण परेशान हो रहे हैं और उन्होंने पूर्व में भी इसकी शिकायत एसडीएम आफिस में की की थी किन्तु कालोनाइजर पर अभी तक कोई कारवाई नहीं हो सकी वहीं कालोनाइजर अब लोगों को धमका रहा है और न तो पैसे वापस कर रहा है और न ही जमींन पर कब्जा दिला रहा है।वहीं आज फिर मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं को लेकर कई लोगों ने तहसील कार्यालय में जाकर एसडीएम राधेश्याम बघेल को ज्ञापन सौंपा है और न्याय दिलाने की मांग की है ज्ञापन देने वालों में राजेश कुमार,ओमप्रकाश, नीलेश, आशीष चौरे, सिंटू सिंग, सुरेंद्र शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं इस मामले में एसडीएम राधेश्याम बघेल का कहना है कि कुछ लोगों के द्वारा मूलभूत सुविधाओं की कमियों को लेकर ज्ञापन सौंपा है इस मामले की जॉच कराई जाएगी और अवैध कालोनी के रुप में पाई जाती है तो अवैध कालोनाइजर एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया जाएगा और एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।

## पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश वैध बोले, विकास के नाम पर भ्रष्टाचार से नेवज नदी के अस्तित्व को किया जा रहा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर





विकास के नाम पर भ्रष्टाचार से नेवज नदी के अस्तित्व को समाप्त करने पर तुली है। नगर परिषद जावर संपूर्ण नगर में उक्त कार्य को लेकर के आम जनसाधारण में रोस व्याप्त है। पत्रकारों को प्रेस नोट जारी कर गंभीर आरोप लगाते हुए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जावर शैलेश कुमार वैद्य द्वारा ने कहा है कि उनके द्वारा पूर्व में भी एक वीडियो जनसाधारण एवं समस्त जिम्मेदार अधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों को अवगत कराने के उद्देश्य से पिछले कुछ मह पर्व सोशल मीडिया पर डाला गया था। उसमें उन्होंने कहा कि नगर में जो नेवज नदी के दोनों किनारो पर पाल के ऊपर जो पत्थर लगाकर पिचिंग का कार्य चल रहा है। उसमें भारी भ्रष्टाचार और अनियमिताएं की जा रही हैं। उसे भारी बरसात के पहले वक्त रहते ध्यान नहीं दिया गया तो भारी नुकसान होगा कुछ दिन पूर्व बरसात आई थी। उसमें ही जावर नगर परिषद द्वारा किए जा रहे सुनियोजित भ्रष्टाचार की पोल खुल गई। कई जगह से पत्थर खिसककर के नदी के तले पर आ गए। पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने बताया कि अभी तो पूरी तरह से बरसात प्रारंभ भी नहीं हुई है और अभी से यह स्थिति है तो जावर नगरवासी नेवज नदी के वेग को अच्छी तरह से जानते हैं जब नदी में पानी का वेग होता है। तब क्या स्थिति निर्मित होगी यह अभी से सभी को ज्ञात है इसी वजह से पूरे नगर में इस विकास कार्य को लेकर के रोश व्याप्त है। नागरिकों को यह पिचिंग विकास कार्य कम और विनाश कार्य ज्यादा लग रहा है पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य ने कहा की सरकार नदी गहरीकरण के लिए कार्य करती हैं। परंतु नगर परिषद जावर में खुलेआम नदी विकास के नाम पर किया जा रहा भ्रष्टाचार नदी को उथला बना रहा है यदि ऐसे ही रहा तो जावर नगर की पहचान एवं आस्था की प्रतीक नेवज नदी का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। जिसमें कोई कोर कसर नगर परिषद जावर नहीं छोड़ रही है पूर्व अध्यक्ष वैद्य ने कहा कि ऐसा कैसा एस्टीमेट बन सकता है जिसमें बगैर लोहे की जाली एवं पत्थरों के बीच में बगैर कंक्रीट माल की फीलिंग हो और फीलिंग और पिचिंग का कार्य मिट्टी द्वारा किया जा रहा है और यदि एस्टीमेट में यह है तो यह सुनियोजित भ्रष्टाचार है। लगभग दो करोड़ के लागत से हो रहे इस पिचिंग निर्माण कार्य में भारी अनियमित बढ़ती जा रही है। जिसकी शिकायत हमारे द्वारा लोकायुक्त कार्यालय भोपाल, मुख्यमंत्री आवास भोपाल, प्रमुख सचिव नगरी प्रशासन मध्य प्रदेश, आयुक्त नगरी प्रशासन संयुक्त संचालक एवं कलेक्टर सीहोर को लिखित शिकायत की गई है। यदि जल्द ही अनियमितता बरतने वाले वाले जिम्मेदार पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों पर कार्यवाही नहीं की गई तो हमारे द्वारा जल्दी ही मुख्य बाजार गांधी चौक पर धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया जाएगा।

### शोभायात्रा के साथ होगा शुभारंभ, बाल ब्रह्मचारी छहढाला विषय का ज्ञान कराएंगे

# दस दिवसीय शिक्षण और संस्कार शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर 14 जून से 23 जून तक दस दिवसीय श्री भूतबलि सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर का बृहद आयोजन बाल ब्रह्मचारी श्री संजय भैय्या पठारी वालो के निर्देशन एवं पावन सानिध्य में किया जा रहा है। शिविर प्रारंभ होने के पूर्व श्री चंद्र प्रभु मंदिर गंज एवं अलीपुर में संजय भैय्या ने शिविर पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि यह मनुष्य पर्याय हमें बहुत ही महान पुण्य से मिली है। हम इसको सांसारिक भोगों में लगाकर व्यर्थ ही न निकाले ,मनुष्य पर्याय को सार्थक करने के लिए जिन शासन में स्वाध्याय ही परम तप बताया गया है।

शिविर के माध्यम से हम अपने छुपे हुए ज्ञान को जागृत करें। सभी लोगो में स्वाध्याय के प्रति रूचि बनी रहे, धर्म के प्रति संस्कार बने रहे ,इसी लिए यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। क्योंकि हम देख रहे हैं वर्तमान में नव पीढ़ी में धर्म के प्रति लगाव कम होता जा रहा है ओर मोबाइल की ओर ज्यादा जा रहा है। जिसके दुष्परिणाम भी हमे देखने को मिल रहे हैं। हममें परमात्मा एवं पंच परमेष्ठी बनने की ताकत है, आवश्यकता है हम उस मार्ग पर चलें। दिगम्बर जैन पंचायत समिति के शरद जैन ने बताया की दस दिवसीय शिक्षण शिविर शुभारम्भ के मंगलाचरण के रूप में शुक्रवार को प्रातः 7:30 बजे किला मंदिर से जिनवाणी प्रभावना शोभायात्रा निकाली गई जो कि किला मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार, प्रगति गली, बुधवारा, ओम शांति मार्ग से बड़ा बाजार होते हुए पुनः किला मंदिर पहुंची। तत्पश्चात शिविर का विधिवत शुभारम्भ किया गया। शिविरार्थियों के लिए प्रवेश फार्म भरना आवश्यक होगा। सभी शिविरार्थियों को आकर्षक बेग ,कॉपी, पेन एवं पुस्तक निःशुल्क प्रदान की जाएगी एवं प्रतिदिन स्वल्पाहार भी करवाया जाएगा।शिक्षण शिविर में 500 श्रावक -श्राविकाओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। सभी को शिविर में भाग लेने के लिए प्रवेश फार्म भरना आवश्यक होगा।

13 वर्ष से ऊपर के सभी शिविरार्थियों के लिए प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक आचार्य पूज्यपाद स्वामी द्वारा रचयित इष्टोपदेश ग्रन्थ की कक्षा लगाई जाएगी।वही प्रतिदिन रात्रि को 8 बजे से 9 बजे तक प.दौलतराम जी द्वारा रचयित छहढाला ग्रंथ का स्वाध्याय करवाया जाएगा ।वही छोटे बच्चो के लिए पाठशाला की शिक्षिका बहनों द्वारा भाग 1 एवं भाग 2 की कक्षा लगाई जाएगी। समाज के अध्यक्ष आनंद पोरवाल जैन, महामंत्री कैलाशचंद जैन चित्रलोक,संतोष जैन जादूगर, निर्मल कुमार जैन, मनोज जैन, अरिहंत जैन, विकास जैन आदि ने शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## मंत्री पहलाद सिंह पटेल ने तालाब गहरीकरण का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खाचरोद

बुधवार को पंचायत व ग्रामीण विकास एव श्रम मंत्री पहलाद सिंह पटेल सिद्धिगंज के गोविंदपुरा में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में जाते समय खाचरोद रुके। उन्होंने ग्राम में स्थित तालाब पर जन सहयोग से चल रहे गहरीकरण अभियान का अवलोकन किया। उन्होंने तालाब पर स्थित हनुमान मंदिर पर पूजन पाठ कर मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। ग्रामीणों की मांग पर तालाब का सीमांकन करने का निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व जनपद अध्यक्ष धारा सिंह पटेल, आष्टा नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा, एसडीएम स्वाति उपाध्याय, जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, जनपद सीओ अमित व्यास, सरपंच शंकर पटेल जाट, सचिव लखन वर्मा, रोजगार सहायक सुनील जाट, भूजराम जाट, छगन जाट, सोबाल सिंह पडियार, मांगीलाल पटेल, रतन सिंह मालवीय, फुल सिंह पेरवाल व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## रिपेयरिंग के बाद चार महीने भी नहीं दौड़ पाया सड़कों पर

# एक लाख 40 हजार में रिपेयर हुआ था वैक्सीन वाहन, अब फिर खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब आठ माह पहले जिला अस्पताल स्थित कोल्ड चैन से जिले के अन्य विभिन्न अस्पतालों में वैक्सीन पहुंचाने एक पिकअप वाहन को वैक्सीन रथ का नाम दिया गया था। यह वैक्सीन रथ आठ माह पहले खराब हुआ। उस समय इसे भोपाल भेजकर रिपेयर करवाया गया जिसमें करीब 1 लाख 40 हजार के लगभग का खर्च आया था।

रिपेयरिंग उपरान्त तीन-चार महीने सड़कों पर दौड़ने के उपरान्त यह वैक्सीन वाहन तीन महीने से खराब पड़ा हुआ है। सोचा जा सकता है कि 1 लाख 40 हजार रुपए में इस वाहन की रिपयरिंग किस तरह करवाई गई होगी। अगर रिपेयरिंग के समय ठीक तरीके से ध्यान दिया गया होता तो यह वाहन महज चार महीने में ही खराब नहीं होता। यह वैक्सीन वाहन अप्रेल महीने से खराब पड़ा होकर कोल्ड चैन ऑफिस के सामने ही खड़ा हुआ है। चूंकि, बजट नहीं आया है ऐसे में इसे फिर से रिपेयर भी नहीं करवाया गया है।

**आपातकालीन एम्बुलेंस से अस्पतालों में पहुंचाई जा रही वैक्सीन**




### सिर्फ बिलिंग ही तो नहीं इतनी ज्यादा

वाहन रिपेयरिंग मैकेनिकों, जानकारों ने बताया कि किसी भी वाहन की रिपेयरिंग में यदि सवा लाख रुपए के लगभग लगाए जाएं तो हम उसे पूरा नया करके दे सकते हैं। इसके साथ ही ग्यारंटी भी लेंगे कि वो दो साल तक बगैर खराबी के सड़कों पर दौड़ता रहे। अब समझा जा सकता है भोपाल में करवाई गई वैक्सीन वाहन की रिपेयरिंग में क्या वास्तव में इतने अधिक रुपए लगे होंगे या सिर्फ बिलिंग ज्यादा दर्षाई गई है।

### आपातकालीन एम्बुलेंस से भिजवाई जा रही वैक्सीन

समस्त प्रकार की वैक्सीन(टीके) पहले जिला अस्पताल स्थित कोल्डचैन आती है। कोल्ड चैन से जिले के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य शासकीय अस्पतालों में इन वैक्सीन को पहुंचाने अब एम्बुलेंस का सहारा लिया जा रहा है। जबकि, एम्बुलेंस का उपयोग सिर्फ मरीजों को लाने-ले-जाने में ही किया जा सकता है।

**बजट नहीं है**

तीन महीने से बजट नहीं आया है, ऐसे में वैक्सीन वाहन रिपेयर नहीं करवाया जा सका है। फिलहाल एम्बुलेंस से वैक्सीन अस्पतालों में पहुंचाई जा रही है।

**बिहारीलाल,** वाहन प्रभारी, जिला अस्पताल, राजगढ़

# आरएसएस के सुरेश सोनी ने किया नवीन अस्पताल का अवलोकन

## खोयरी महादेव परिसर भी पहुंचे आरएसएस पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राष्ट्रीय स्वयं सेवक के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं मूलतः राजगढ़ निवासी सुरेश सोनी के हस्तक्षेप से राजगढ़ को 300 बिस्तरीय नवीन अस्पताल की सौगात मिली है। ऐसा कहीं लिखित में नहीं है लेकिन जिलेवासियों की आवष्यकता को देखते हुए परोक्ष रूप से इस नवीन अस्पताल की स्वीकृति में सोनी का अहमयोगदान रहा है।

यही कारण है कि बुधवार शाम सोनी स्वयं निर्माणाधीन अस्पताल के अवलोकन पर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ विभाग के आलाधिकारी उपेंद्र जैन भी साथ थे। उन्होंने जैन एवं निर्माण एजेंसी को को तय समय सीमा में अस्पताल निर्माण करने हेतु निर्देषित किया। उन्होंने नवीन अस्पताल में बन रही चाइल्ड यूनिट एवं रैनबसैरा कार्य को भी जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर, लक्ष्मीनारायण चैहार झिरी, हेमंत सेठिया, विधायक अमरसिंह यादव, नपाध्यक्ष विनोद साहू, शेलेष गुप्ता, कलेक्टर हर्ष दीक्षित, कार्यपालन यंत्री जगदीष सैनी, एसडीओ सुरेष रोहानकर, इंजीनियर प्रषांत द्विवदी, निर्माण एजेंसी वीवीसीएल इन्फ्रास्ट्रक्चर के कर्मचारी उपस्थित थे।

**खोयरी पहुंचकर देखे विकास कार्य**

*सुरेश सोनी ने अस्पताल निर्माण कार्य के साथ ही खोयरी महादेव मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ के दर्षन किए। इसके साथ ही वहां चल रहे एवं पूर्ण हो चुके विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया। इसके साथ ही क्या और कुछ अच्छा किया जा सकता है इस संबंध में विधायक यादव व जनप्रतिनिधियों से चर्चा की।*

# भानपुरा कंजर की जमीन ने फिर उगली लाखों की लहान और अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरा कंजर में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश देकर अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही है। इस दौरान मौके से लगभग 10 लाख कीमत का 10,000 लीटर लहान नष्ट कर 45,000 कीमत की 300 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त की है। एसपी संजीव कुमार सिंहा द्वारा बताया गया कि जिले में विभिन्न अवैध अथवा अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रही हैं।

इसी क्रम में जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरा में कंजर डेरों पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध शराब का निर्माण किये जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। ग्राम भानपुरा में कंजर डेरों पर अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त शराब कारोबारियों पर कार्यवाही हेतु गुरुवार तडक़े एसडीओपी चांचौड़ा दिव्या सिंह राजावत के नेतृत्व में पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें भेजकर दविश दिलाई गई। पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीमों में पुलिस विभाग से चांचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक मचल सिंह मण्डेलिया, कुम्भराज थाना प्रभारी निरीक्षक रितुराज सिंह कुशवाह, मृगवास थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बुन्देल सिंह सुनेरिया, बीनागंज चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक नीरज लोधी, व इनके थाना, चौकी एवं पुलिस लाईन का बल तथा आबकारी विभाग से उपनिरीक्षक एल.आर. करोटिया अपने बल के साथ मौजूद रहे। ग्राम भानुपरा में कंजर डेरों पर पुलिस की दविश को देखकर गांव के लोग घर छोडक़र भाग निकले। इस कार्यवाही के दौरान पुलिस फोर्स द्वारा ग्राम भानपुरा में कंजरों के डेरों के आसपास तलाश करने पर सोनू पुत्र राकेश कंजर के घर के पास कच्ची शराब बनाने के लिये तैयार की हुई भट्टियां एवं इसमें उपयोगी अन्य सामग्रियां मिलीं। जहां पर छोटे-बड़े ड्रमों एवं हौज में शराब बनाने के लिये तैयार किया गया लगभग10,000 लीटर लहान कीमती करीबन 10 लाख रूपये का भरा हुआ मिला। इसके साथ ही तैयार की हुई 300 लीटर अवैध कच्ची शराब कीमती करीबन 45 हजार रूपये की भी छोटे-बड़े 8 ड्रमों में भरी हुई मिली।

# क्षेत्र के कोने-कोने तक पहुंचाया जाएगा पीने का पानी: विधायक अमरसिंह

## सांसद नागर के प्रथम नगर आगमन पर मनाया जीत का जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़



लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर को तीसरी बार जीत मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस उपलक्ष्य में मंगलवार का खिलचीपुर तहसील के विभिन्न स्थानों पर सांसद रोडमल नागर को भव्य स्वागत सम्मान किया गया। विधानसभा के खिलचीपुर पापड़ मंडल में सांसद नागर का जीतने के बाद प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष गजराज सिंह चैहान और उनके मित्र मंडल द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित क नागर का स्वागत सम्मन किया। इस मौके पर मंडल क्षेत्र के बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कलीपीठ के मंडल में नवनिर्वाचित सांसद श्री नागर का हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी चला कर स्वागत किया गया। महिलाओं द्वार फूलों की बारिश कर स्वागत किया। वहीं श्रनागर ने भी हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन कर आभार व्यक्त किया। इसी क्रम के बाद राजगढ़ मंडल में भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा विधायक कार्यालय में उपस्थित होकर नागर का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सांसद नागर ने कहा कि अब खिलचीपुर विधानसभा का एक-एक कोने-कोने तक जहां पानी की व्यवस्था नहीं है वहां भी अब जल योजना की लाइन बिछाई जाएगी। एक भी गांव पानी से वंचित नहीं रहेगा। आज के समय में जीवन के लिए उपयोगी पर्यावरण को देकर लोगों से पौधे लगाने व उनका संरक्षण करने की प्रेरणा दी। राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि अब डबल इंजन की सरकार है। चहूंमुखी विकास के लिए जनता का जो मत हमें मिला है उससे अब विधानसभा में हर समस्या का हाल हम मिलकर करेंगे। पानी की कोई परेशानी नहीं होगी।

# कोई नहीं पहुंचा तो डॉक्टर ने खुद ही कर दिया रक्तदान



**राजगढ़।** जिला अस्पताल में एडमिट मोतीपुरा, कलीखेड़ा के समीप की एक महिला को बुधवार देर रात अर्जंट ओ-पॉजिटिव ब्लड की आवष्यकता लगी। इस ग्रुप का ब्लड, रक्तकोष में भी उपलब्ध नहीं था। रक्त की नितांत आवष्यकता के संबंध में सोषल मीडिया पर मेसेज भेजा गया। इस मेसेज के बाद षिषु रोग विषेषज्ञ डॉ. गुंजन त्रिपाठी रात्रि में ही जिला अस्पताल पहुंचे और उन्होंने ब्लड डोनेट किया। चिकित्सक की इस मानवीयता पर एडमिट महिला के परिजनों ने उनका ह्दय से आभार माना।

## डाक्टरों की अमानवीयता से मरीज की गई थी जान

# जांच बनी मजाक, जिला स्वास्थ अधिकारी डॉक्टरों पर मेहरबान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

माचलपुर स्वास्थ केंद्र के डाक्टरों की जिन के करीब 45 दिन पहले अपने पिता भगवान प्रसाद मालाकार को तबियत खराब होने पर बेटा और उनके परिजन माचलपुर हॉस्पिटल लेकर आये पर वहा मौजूद ड्यूटी डाक्टर अमर सिंह धार्वे और भारत लाल शाक्य ने हड़ताल पर होने का बहाना कर ईलाज करने से मना कर दिया। तब मरीज को परिजनों द्वारा झालावाड़ राजस्थान ले वक्त रास्ते में मरीज शिवलाल मालाकार की मृत्यु हो गई! मिडिया द्वारा खबर को प्रमुखता से उठाया गया था और मृतक के पुत्र द्वारा भी पुलिस सहित जिला स्वास्थ अधिकारी को उचित कार्यवाही के हेतू आवेदन दिया था।

### जांच बनी मजाक

प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा प्रमुखता से खबर को उठाये जाने ओर मृतक के पुत्र पवन मालाकार द्वारा अपने पिता की मृत्यु का कारण दोनो डॉक्टर भारत लाल शाक्य और अमर सिंह धार्वे द्वारा ईलाज ना करने को बताया था। जिस पर एक जांच टीम का गठन जिला स्वास्थ अधिकारी किरण वाडिवा द्वारा किया गया था जांच टीम द्वारा 14 मई को मृतक के परिजनों सहित दोनो डाक्टरो के बयान लिए थे! जिसको अपनी रिपोर्ट 7 दिवस में प्रस्तुत करनी थी जिसने अपनी जांच सीएमएचओ को अपने अभिमत के साथ सौप दी थी पर आज तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही ना करना अनेक प्रकार की शंका कुशंका को जन्म देती है।

**रिपोर्ट भेज दी है**

हमने जांच रिपोर्ट भोपाल उच्च अधिकारियों को भेज दी है, आगे की कार्रवाई उनके द्वारा की जाएगी।

**किरण वाडिवा,** सीएमचओ राजगढ़

**बात करूंगा**

माचलपुर में जो मृत्यु हुई थी उसकी गांव वालो ने शिकायत की थी मैंने भी प्रशासन से मांग की थी की इस घंटना की जांच टीम बनाकर दोषियों पर कार्यवाही की जाए, उसकी जांच टीम भी बन गई थी। पर उस पर अब तक कोई कार्यवाही क्यों नही हुई में कलेक्टर साहब से भी बात करूंगा ओर सीएमएचओ से भी पुछूंगा की अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

**हजारीलाल दांगी,** विधायक खिलचीपुर विधानसभा

# जनपद पंचायत सीईओ ने जल संरक्षण के कार्यों का निरीक्षण किया



**शुजालपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संवर्धन के विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। शुक्रवार को जनपद पंचायत शुजालपुर सीईओ रूषाली पोरस एवं जल संसाधन विभाग के एसडीओ ने कामलिया एवं टिटवास में निर्माणाधीन तालाबों का निरीक्षण किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मो. बड़ोदिया की ग्राम पंचायत दुपाड़ा में गेबियन स्ट्रक्चर का निर्माण किया जा रहा है।

# नारकोटिक्स विभाग की कार्रवाई के बाद हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग

**ड्रग इंस्पेक्टर ने निरीक्षण कर मेडिकल किया सील**
**अन्य मेडिकल के भी निरीक्षण के दिए निर्देश**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में करीब पांच दर्जन से अधिक मेडिकल स्टोर संचालित है इनमे ऐसे कई मेडिकल है जो किसी अन्य के नाम पर संचालित है या अप्रशिक्षित व्यक्ति मेडिकल पर बैठकर मेडिकल चला रहें हैं। कुछ मेडिकल पर पुरानी एवं प्रतिबंधित दवाई भी रखी रहती हैं। उक्त मेडिकल संचालक उनकी बिक्री कर मोटा मुनाफा कमाने में लगे थे किंतु गत दिनों नारकोटिक्स विभाग ने अस्पताल के सामने महाकाल मेडिकल संचालक से प्रतिबंधित 90 हजार टेबलेट जप्त कर गिरफ्तारी की जिसकी खबर प्रमुखता से समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई खबर प्रकाशन के तत्काल बाद स्वास्थ विभाग हरकत में आया और ड्रग इंस्पेक्टर ने सारंगपुर आकर मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शर्मा मेडिकल स्टोर पर कार्यवाही करते हुए सील कर दिया उक्त मेडिकल पर अल्फा जुलम टैबलेट का रिकार्ड नही मिला लेकिन टैबलेट मिली इस कारण उसे नोटिस देकर सिल किया गया। इसी दौरान नगर के अन्य मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण कर नियमों एवं शर्तो की जानकारी देते हुए निर्देशित किया की नियमानुसार मेडिकल संचालित करें अन्यथा आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

### नारकोटिक्स एवं ड्रग इंस्पेक्टर की खबर से मेडिकल संचालक सचेत

नगर में गत दिनों नारकोटिक्स विभाग की टीम तथा मंगलवार और गुरुवार को ड्रग इंस्पेक्टर का निरीक्षण होने के कारण नगर के मेडिकल स्टोर संचालक सक्ते में आ गए। खाद्य एवं औषधि नियम के अनुसार अपने अपने मेडिकल स्टोर खंगालते रहे ताकि ड्रग इंस्पेक्टर को किसी भी प्रकार की कमी न मिले अब देखना यह है की कितने दिन तक मेडिकल संचालक नियम अनुसार संचालन करते हैं।

**दिए हैं निर्देश**

शर्मा मेडिकल स्टोर पर अनियमिताएं पाए जाने पर मेडिकल को सील किया है साथ ही अन्य मेडिकल स्टोर संचालक को नियमनुसार संचालन करने के निर्देश दिए।

**दिलीप अग्रवाल**
ड्रग इंस्पेक्टर राजगढ़

### तालाब जीर्णोधार का किया भूमि पूजन

**सुठालिया।** ग्राम खनोटा में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायणसिंह पंवार द्वारा लाखों रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन खेड़ापति मंदिर की बाउंड्री वॉल सीसी तालाब जीर्णोधार का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया।इस मौके पर नारायण सिंह सालरियाखेडी मंडल अध्यक्ष पदम सिंह लोधी भाजपा नेता अशोक अग्रवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश पालीवाल ओम पालीवाल माधवी परमार रघुवीर मनीष पूर्व सरपंच बाबूलाल सोंधिया नारायण सिंह सोंधिया एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## चुने हुए सरपंच को नहीं मालूम पंचायत में कितनी योजना हैं संचालित

# पति, पुत्र, जेठ व देवर चला रहे हैं पंचायत!

**सरपंच प्रतिनिधि इतने पावर फुल की जनपद में लगा दिया ताला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




सरकार द्वारा महिला आरक्षण लागू कर संस्थाओ में पचास प्रतिशत महिलाओं को भागीदारी बनाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया ताकि महिलाओं को ग्राम पंचायत नगरीय निकाय में प्रतिनिधित्व करने का अधिकार मिले और उनके माध्यम से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में शासन की सभी योजनाओं का लाभ वह के निवासियों को मिले सुलभ सुविधा उपलब्ध कराने की मंशा से शासन ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में चुने हुए सरपंचो के सहयोग हेतु दो कर्मचारी तैनात किए हैं। सचिव एवं रोजगार सहायक के सहयोग से ग्राम पंचायत सरपंच ग्राम विकास के लिए पंच उपसरपंच की बैठक बुलाकर शासन की जन कल्याणकारी योजना एवं मूलभूत सुविधा को लेकर उत्साह पारित कर वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित कर सकती हैं किंतु सारंगपुर में चुनी हुई महिला सरपंचो की कही भी उपस्थिति नही देखी जाती इतना ही नही जनपद स्थल पर ग्राम पंचायत सरपंचो की त्रैमासिक बैठक हो या शासन द्वारा निर्धारित किसी भी योजना की कार्य बैठक करनी हो तो सरपंच की जगह उनके पुत्र, पति,जेट या देवर ही बैठक में उपस्थित होते हैं।

### बनाते हैं बेजा दबाव

शासन द्वारा महिला सरपंचो को जो अधिकार दिए हैं उनके अधिकारो पर उनके परिजन अपना हक समझकर जनपद की बैठक में उपस्थिति देते हैं। इतना ही नही वे जनपद के कर्मचारी इंजीनियर से लेकर सीईओ के चेंबर तक पहुंच जाते हैं और खुद ही फाइल पास कराने में माथा पच्ची करते हैं। ऐसा ही एक मामला बुधवार को सामने आया जिसमें सरपंच प्रतिनिधियो ने जनपद के गेट पर ताला जड़ दिया इसके बाद जनपद सीईओ एवं कर्मचारी हरकत में आए सरपंच प्रतिनिधियो के साथ एक सरपंच पर शासकीय काम में बाधा उत्पन्न करने का प्रकरण दर्ज कराया अब देखना यह है की जनपद की बैठक या ग्राम पंचायत की बैठक में चुनी हुई महिला सरपंच ही उपस्थित रहती हैं या फिर उनके प्रतिनिधि का ही बोल बाला चलता रहेगा। सूत्रों की माने तो सारंगपुर विकास खंड की ग्राम पंचायतों में जो महिला सरपंच है उनको शासन की किसी भी योजना का नाम तक नही मालूम है तो गांव में शासन की योजना किसके माध्यम से चल रही हैं,सूक्ष्मता से महिला सरपंचो की पंचायत की जांच हो जाए तो सच्चाई सामने आ सकती हैं।

### सरपंच की जगह सरपंच प्रतिनिधि कर रहे हस्ताक्षर

जिस ग्राम पंचायत में महिला सरपंच है उनके अधिकारो का हनन किस प्रकार किया जा रहा हैं, यह अचंभित करने वाली बात है जैसे पंचायत के निवासी का मूलनिवासी जाति प्रमाण पत्र हो या पंचायत का ठहराव प्रस्ताव रजिस्टर इतना ही नही बैंको में बने डिजिटल डोंगल तक का उपयोग सरपंच प्रतिनिधि कर रहे हैं ऐसे में किसी का गलत प्रमाण पत्र बन जाए या शासकीय धन राशि का गवन हो जाए तो महिला सरपंच के माथे दाम आ जाएगा।

### कई महिला सरपंचो के नाम वसूली के प्रकरण प्रचलित

ग्राम पंचायत की कई पूर्व महिला सरपंच ऐसी हैं जिन पर वसूली के प्रकरण विचाराधीन हैं फिर भी वर्तमान में महिला सरपंच के अधिकारों पर पर्याप्त हनन हो रहा है अब देखना यह है कि शासन प्रशासन इस और ध्यान देता की नहीं।